Need to run intercity train from Dohrighat in Mau district to Allahabad in Uttar Pradesh and also run trains from Mau to Mumbai, Chennai and Bengaluru and increase the frequency of Mau ? Delhi Railway Service-laid

श्री राजीव राय (घोसी) **:** मऊ ज़िले में रेल यातायात सुविधा को और सुदृढ़ करने के विषय में मैं आज एक बहुत ही बुनियादी विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । मऊ जिले की geographical संरचना ऐसी है कि मऊ अपने ज़िले के एक छोर पर स्थित है । यहाँ की मुख्य आबादी वाली जगह को दोहरी घाट के नाम से जाना जाता है जो कि मऊ से करीब 40 -50 km दूर स्थित है । जो भी Train उपलब्ध है, वो मऊ से है । जिसके कारण वहां के लोगों को Train पकड़ने के लिए काफी दूर जाना पड़ता है । मेरा रेल मंत्री से निवेदन है कि मऊ के लिए Train का संञ्चालन दोहरी घाट से किया जाए । मऊ जिले के बहुत सारे युवा वर्ग के लोग Allahabad University में पढाई करते हैं और competitive परीक्षा की तैयारी करते हैं । ये दुर्भाग्य की बात है है कि मऊ से Allahabad की रेल connectivity अच्छी नहीं है । Direct Train निमित मात्र है । इससे विद्यार्थिओं और जन समान्य को Allahabad पहुंचने में बहुत असुविधा होती है । मेरी सरकार से मांग है कि daily basis पर सुबह और शाम में मऊ (दोहरी घाट) से Allahabad तक Inter-City एक्सप्रेस Train चलाई जाए । इससे छात्रों को और आम नागरिक को बहुत सुविधा होगी । मऊ और आस पास के ज़िले बुनकर बहुल क्षेत्र है । ज्यादातर बुनकर समाज के लोगों का व्यवसायिक सम्बन्ध Mumbai, Bengaluru और Tamil Nadu से है । अक्सर व्यापार के कारण बुनकरों को Mumbai, Bengaluru और Tamil Nadu तक यात्रा करनी पड़ती है । लेकिन मऊ की Bengaluru और Chennai से कोई direct train connectivity नहीं है । इसके कारण बुनकर क्षेत्र के जुड़े व्यापारियों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है । मुंबई से मऊ को जोड़ने के लिए कोई सुपरफास्ट ट्रैन नहीं है । एक-दो रेल गाड़ी जो है वो भी प्रतिदिन नहीं है । मेरा सरकार से निवेदन है कि मुंबई से मऊ के बीच regular ट्रैन की व्यवस्था की जाय और सप्ताह में कम से कम दो दिन चेन्नई और बेंगलुरु के लिए सुपर फास्ट ट्रेन दी जाए ।

इसके अलावा वर्त्तमान में मऊ से दिल्ली (आनंद विहार) की Train सप्ताह में दो दिन ही चलती है । मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन हैं की इस Train को प्रति दिन कर दिए जाए ।